दिनांक 12.02.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम आयुक्त ने किया क्षेत्र भ्रमण दिए आवश्यक निर्देश

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र क्षेत्र में चल रहे नियमित सफाई कार्य , निर्माण कार्य एवं पेयजल आपूर्ति का स्थल अवलोकन करने आयुक्त प्रातः 6 बजे से क्षेत्र भ्रमण कर रहे है। सोमवार को आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव जोन-1 नेहरू नगर के विभिन्न वार्डो में पहुॅचकर सफाई व्यवस्था को देखा , उन्होने दो-तीन नाली को जोड़ने वाले स्थल में बह कर आने वाले कचरे की सफाई नियमित रूप से करने को कहा ताकि जल जमा की स्थिति न बने। भ्रमण के दौरान आयुक्त कोहका पानी टंकी पहुॅचे और पेयजल हेतु क्षेत्र में सप्लाई किये जा रहे पानी की नियमित नमुना जाॅच कर रिकार्ड संधारण करने के निर्देश दिये। श्री ध्रुव कोहका के साकेत नगर पहुॅचकर क्षेत्र में जल भराव की स्थिति को रोकने रिसाव वाले जगह को चिन्हित कर जल प्रवास को रोकने के निर्देश दिये है।

सभी जोन आयुक्त भी अपने प्रभार क्षेत्र का प्रातः भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्य, सफाई एवं जल प्रदाय पाईप की जाॅच कर हुए लिकेज का तत्काल संधारण करवा रहे है साथ ही डोर टू डोर किये जा रहे कचरा संग्रहण मे लोगो को सुखा और गीला कचरा को पृथक कर देने के लिए लोगो को प्रेरित कर रहे जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।